अब अकेली नहीं है राजकुमारी... मदद के लिए सामने आए लोग

शारीरिक तकलीफ से जूझ रही राजकुमारी के लिए माय एफएम ने शुरू किया है कैंपेन

सिटी रिपोर्टर • इंसान द्वारा किया गया अच्छा काम जिंदगी में कभी ना कभी वापस लौटता है, वो भी दोगुनी ताकत से। इसी का उदाहरण रायपुरियंस ने दिया है। 94.3 माय एफएम, लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल सोसाइटी और रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस लेकर आए हैं एक दीया राजकुमारी के नाम। इस एक्टिविटी के दौरान गुरुवार को माय एफएम की टीम सिटी होंडा और वंदना बजाज पहुंची। जहां पर शारीरिक विकार से ग्रसित राजकुमारी की मदद के लिए सिटी होंडा के कैलाश खेमानी ने माय एफएम टीम से दीये खरीदे और बदले में डोनेशन दिया, ताकि इस दीपावली राजकुमारी के जीवन में भी खुशियां आए। साथ ही राजकुमारी के इलाज में लगने वाली दवाइयों की जरूरत के लिए भी मदद का हाथ बढ़ाया। वहीं वंदना बजाज के नीरज अग्रवाल ने डोनेशन के साथ पूरी मदद का भरोसा दिया।

कुछ लोग दीये की खरीददारी के लिए माय एफएम ऑफिस पहुंचे। अगर आप भी इस दीपावली राजकुमारी के जिंदगी में खुशियां लाना चाहते हैं तो माय एफएम टीम से खरीदिये दीये और बदले में कीजिए जितना भी मन क डोनेट। आप के द्वारा किया हुआ डोनेशन राजकुमारी व जिदगी में लाएगी खुशियों की रोशनी। अधिक जानका के लिए सुनते रहिए 94.3 माय एफएम जियो दिल से।